प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का किया नेतृत्व : कहा– दुनिया योग को वैश्विक हित के शक्तिशाली तंत्र के रूप में देखती है।
2. प्रदेश भर में उत्साह के साथ मनाया गया अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मथुरा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में किया योगाभ्यास।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने नीट परीक्षा की काउंसलिंग प्रक्रिया रोकने से किया इनकार : मामले की सुनवाई अब 8 जुलाई को।

और

4. नवजात और शिशु मृत्युदर में कमी लाने के लिए प्रदेश में जारी है नियमित टीकाकरण अभियान : यूविन पोर्टल प्रदेश के टीकाकरण लक्ष्य को सफल करने का बना साधन।

——————————

दुनियाभर में आज 10वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। भारत में मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मोर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कार्यक्रम में जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी

शामिल हुए। इस वर्ष योग दिवस का विषय– "स्वयं और समाज के लिए योग" था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया और सामान्य योग प्रोटोकॉल सत्र में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में योग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। बाइट...............

*बीते दस वर्षों में योग का ये जो विस्तार हुआ है। उससे योग से जुड़ी धारणाएं बदली है। योग अब सीमित दायरे से बाहर निकल रहा है। आज दुनिया एक नई योग इकोनॉमी को आगे बढ़ने में देख रही है। आप देखिए भारत में विश्व के काशी से लेकर केरल तक योग नियम का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है।*

योग दिवस के मौके पर पूरे उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मथुरा क स्ट्राइक कोर वन में भारतीय सेना के जवानों के साथ योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

उन्होंने सैन्य अधिकारियों और जवानों के साथ योगाभ्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी सेना के जवान भी एक योगी की तरह हैं जो हर स्थिति का सामना शारीरिक और मानसिक दृढता से करते हैं। बाइट....

*आप सभी सैनिक एक योगी के रूप का प्रतिनिधित्व करते हैं। योग और योगी की जितनी विशेषताएं सर्वमान्य है ये तमाम विशेषताएँ एक भारतीय सैनिक में दिखती है आपकी शारीरिक और मानसिक फिटनेस का उदाहरण दुनिया कई बार देख चुकी है सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं बल्कि*

*भारतीय सीमा के अंदर भी देश में जब भी कोई दुर्भाग्यपूर्ण आपदा आ जाती है तो उस समय भी आप जिस तरह से बढ़चढ़ कर लोगों की मदद करते हैं वो आपके एकाग्रचित मन को दर्शाता है।*

**प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राजभवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन और प्रयासों का परिणाम है कि आज पूरी दुनिया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से जुड़कर भारत की संस्कृति और परंपरा को गौरवान्वित कर रही है। बाइट........**

*अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योग की जिस थीम के साथ आज पूरे देश और पूरी दुनिया के अंदर आयोजित हो रहा है वो हमें योग सबके लिए इसमें कोई भेद नहीं है। इसमें जाति का भेद नहीं है क्षेत्र का नहीं है, भाषा का नहीं है, देश का नहीं है, काल का भेद नहीं है। अपने अपने अनुसार इस योग की विधा के साथ हर व्यक्ति जुड़ेगा आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने सामूहिक योगाभ्यास के साथ जुड़कर के हम सबको इसके लिए जोड़ने का कार्य किया है और मेरा भी आप सभी से प्रदेशवासियों से ये अपील होगी की नियमित अभ्यास का हिस्सा इसको बनाए।*

**वहीं आगरा में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी सिंह बघेल ने योग कर जन जागरुकता का सन्देश दिया। श्री बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि श्री मोदी ने सयुंक्त राष्ट्र संघ में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता दिलाई जिसके बाद से पूरा विश्व आज के दिन योग दिवस मना रहा है।**

वहीं रामपुर में पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया और लोगों से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज स्थित भारत स्काउट गाइड के मैदान में योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ के रेजीडेंसी में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुए।

——————————

सर्वोच्च न्यायालय ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा नीट की इस साल की काउंसलिंग प्रक्रिया रोकने से इनकार कर दिया है और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नोटिस भेजा है। न्यायालय ने नई याचिकाओं को मौजूदा याचिकाओं के साथ जोड़ दिया। मामले की सुनवाई अब 8 जुलाई को होगी। वहीं नीट परीक्षा को लेकर आज कांग्रेस देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। उत्तर प्रदेश में भी आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी ज़िला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधान सभा के घेराव करने की कोशिश की। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को हिरासत में लिया गया । वहीं नीट परीक्षा में धांधली को लेकर आज समाजवादी पार्टी छात्रसभा ने भी प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले को लेकर

बसपा प्रमुख मायावती ने भी अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। जिसमें उन्होंने कहा कि नीट–पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करना जरूरी है। जिसके कारण निर्दोष छात्र पिस रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसकी आड़ में कोई भी सियासत करना ठीक नहीं।

—————————

लेते है एक ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

*सिकल सेल एनिमिया जिंगल*

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

—————————

अयोध्या और प्रयागराज में उत्तर प्रदेश सरकार विशिष्ट अतिथि गृहों का निर्माण कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक बैठक कर दोनों अतिथि गृहों के निर्माण स्थल, ले–आउट, सुविधाओं और साज–सज्जा से संबंधित जानकारी ली। राज्य संपत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीरामजन्म भूमि मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, सहित देश–दुनिया से अनेक विशिष्ट–अतिविशिष्ट अतिथियों का आवागमन हो रहा

है। इनके ठहरने क लिए सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट मानकों वाले गेस्ट हाउस की आवश्यकता है। वहीं प्रयागराज में भी ऐसा ही अतिथि गृह बनाने की ज़रूरत पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रक्रिया को जल्दी ही शुरु करने के निर्देश दिए हैं।

——————————

नवजात और शिश‚ मृत्युदर में कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नियमित टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में केंद्र सरकार द्वारा 13 मार्च 2024 को लांच किया गया यूविन पोर्टल प्रदेश के टीकाकरण लक्ष्य को हासिल करने का बेहतरीन साधन बन गया है। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि कोविन पोर्टल की तर्ज पर श‚रू किए गए यूविन पोर्टल पर 13 मार्च से अब तक कुल 16 लाख से अधिक महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। यूविन पर पंजीकरण होने के बाद डिजिटल यवस्था होने से गर्भवती और बच्चे का देश में कहीं भी टीकाकरण हो सकता है। इसमें बच्चे का पांच साल में सात बार टीकाकरण किया जाता है, जिसमें उसे 12 बीमारियों से बचाव के टीके लगाए जाते हैं। वहीं गर्भवती महिला को दो टीके लगाए जाते हैं।

——————————

भारतीय नागरिक संहिता 2023 में विचाराधीन कैदियों को न्याय दिलाने से संबंधित प्रावधान किये गये हैं। नये आपराधिक कानूनों में जेलों में भीड़ कम करने को लेकर कदम उठाये गये हैं। इसके तहत पहली बार के अपराधी निर्धारित अधिकतम सजा की एक तिहाई सजा काटने के बाद जमानत पर रिहा किये जा सकते हैं। इससे पहली बार के अपराधियों का पुनर्वास किया जा सकेगा और अनावश्यक हिरासत अवधि भी कम होगी।

अपराधी की जमानत के लिये आवेदन करने की जिम्मेदारी अब उस जेल अधीक्षक की है, जहां आरोपी बंद है। योग्य कैदियों के लिये कानूनी अधिकारी सुनिश्चित करना, न्याय प्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक है।

इस नये कानून से समय पर न्याय सुनिश्चित करने और जेलों में कैदियों की संख्या कम करने में मदद मिलेगी। यह प्रावधान छोटे अपराधों के आरोपियों या दोषी लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने और दोबारा अपराध करने की संभावना को कम करगा।

(समाप्त)